रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
+ विश्व व भारत के मानचित्र

No. of printed pages : 8
+ Map of World & India each

111

411 (ITS)

# 2024

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (THEORY)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 70

Time : 3 Hours ] [ Max. Marks : 70

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 21 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**Directions :** There are in all 21 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 5 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 6 से 10 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।

Question No. 6 to 10 are to be answered in about 30 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 11 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

Question No. 11 to 17 are to be answered in about 80 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 18 तथा 19 का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

Question No. 18 and 19 are to be answered in about 150 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 20 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिये।

Question No. 20 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(viii) प्रश्न संख्या 21 मानचित्र में भौगोलिक स्वरूपों को पहचानने तथा दर्शाने से संबंधित है। दिये गये **विश्व** तथा **भारत** के रेखा-मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

Question No.- 21 is related to identification and locating of geographical features on map. Attach the given outline maps of **World** and **India** within your answer book.



Download from www.cclchapter.com

1\. (क) निम्नलिखित में से कौन एक विरल जनसंख्या वाला क्षेत्र नहीं है- 1

(i) अटाकामा (ii) भूमध्यरेखीय प्रदेश

(iii) दक्षिण-पूर्वी एशिया (iv) ध्रुवीय प्रदेश

Which of the following is not an area of sparse population -

(i) The Atacama (ii) Equatorial region

(iii) South-East Asia (iv) Polar regions

(ख) फूलों की कृषि कहलाती है - 1

(i) ट्रक फार्मिंग (ii) कारखाना कृषि

(iii) मिश्रित कृषि (iv) पुष्पोत्पादन

Growing of Flowers is called-

(i) Truck farming (ii) Factory farming

(iii) Mixed farming (iv) Floriculture

(ग) चैनल टनल जोड़ता है- 1

(i) लंदन-बर्लिन को (ii) बर्लिन-पेरिस को

(iii) पेरिस-लंदन को (iv) बार्सीलोना-बर्लिन को

Channel Tunnel connects to -

(i) London-Berlin (ii) Berlin-Paris

(iii) Paris-London (iv) Barcelona-Berlin

(घ) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या निम्नलिखित में से कौन सी है - 1

(i) 102.8 करोड़ (ii) 328.7 करोड़

(iii) 318.2 करोड़ (iv) 121 करोड़

Which of the following is the population of India according to the census of 2011-

(i) 102.8 Crores (ii) 328.7 Crores

(iii) 318.2 Crores (iv) 121 Crores

(ङ) खनन नगर का उदाहरण है - 1

(i) मुम्बई (ii) सहारनपुर

(iii) अंबाला (iv) रानीगंज

Example of Mining town is -

(i) Mumbai (ii) Saharanpur

(iii) Ambala (iv) Raniganj



Download from www.cclchapter.com

(च) शुष्क कृषि में निम्नलिखित में से कौन सी फसल नहीं बोई जाती है- 1

(i) ज्वार (ii) मूँगफली

(iii) रागी (iv) गन्ना

Which of the following crop is not cultivated under dryland farming -

(i) Jowar (ii) Groundnut

(iii) Ragi (iv) Sugarcane

(छ) निम्न में से कौन सा खनिज 'भूरा हीरा' के नाम से जाना जाता है- 1

(i) लौह (ii) मैंगनीज

(iii) लिगनाइट (iv) अभ्रक

Which of the following mineral is know as 'Brown Diamond' -

(i) Iron (ii) Manganese

(iii) Lignite (iv) Mica

(ज) निम्नलिखित में कौन सा स्थलबद्ध पोताश्रय है- 1

(i) विशाखापट्टनम (ii) एन्नौर

(iii) मुम्बई (iv) हल्दिया

Which of the following is a Land locked harbour-

(i) Vishakhapatnam (ii) Ennor

(iii) Mumbai (iv) Haldia

**निर्देश :** प्रश्न संख्या -1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Directions :** In next two parts of Question No. -1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A) :** अतिसार जल-जन्य रोग है।

**कारण (R) :** जल प्रदूषण से आहारनाल और पेट सम्बन्धी रोग होते हैं। 1



Download from www.cclchapter.com

**Assertion (A) :** Diarrhoea is a water borne disease.

**Reason (R) :** Water Pollution causes alimentary canal and stomach related diseases.

(ज) **अभिकथन (A) :** भारत में नगरों की जनसंख्या में वृद्धि हो रही है।

**कारण (R) :** रोजगार की कमी से ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोजगार की तलाश में नगरों में पहुँचते हैं। 1

**Assertion (A) :** The population of cities in India is increasing.

**Reason (R) :** Due to lack of employment, people from rural areas come to cities in search of employment.

2. मानव भूगोल के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम लिखिये। 1

   Name any two fields of Human Geography.

3. लाल सागर एवं भूमध्य सागर को जोड़ने वाली नहर का नाम बताइए। 1

   Name the canal linking the Red Sea and the Mediterranean Sea.

4. भारत के किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है? 1

   Which state of India has the highest population?

5. भारत में पहला रेडियो कार्यक्रम किस वर्ष प्रसारित हुआ? 1

   In which year was the first Radio Program broadcast in India?

6. मानव भूगोल क्या है? परिभाषित कीजिए। 2

   What is human geography? Define.

7. जनसंख्या परिवर्तन के मुख्य घटक कौन से हैं? उल्लेख कीजिए। 2

   What are the main components of population change? Mention.

8. मानव विकास के चार प्रमुख घटकों के नाम बताइये। 2

   Name the four major components of human development.

9. गैरिसन नगर क्या होते हैं? उनका क्या प्रकार्य होता है? 2

   What are garrisson towns? What is their function?

10. मेट्रो रेल का महत्व बताइये। 2

    State the importance of Metro rail.

11. मानव विकास सूचकांक के महत्व को समझाइये। 3

    Explain the importance of Human Development Index.

12. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 'विश्व व्यापार संगठन' की भूमिका को समझाइये। 3

    Explain the role of 'World Trade Organisation' in International trade.

13. उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। 3

    Explain the concept of High-Tech industry.



Download from www.cclchapter.com

14. भारत में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the factors affecting the population distribution in India.

15. नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए तथा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए - 3

भारत के प्रमुख राज्यों में प्रति हेक्टेयर गेहूँ का उत्पादन -

| राज्य | पंजाब | मध्य प्रदेश | हरियाणा | कर्नाटक | महाराष्ट्र |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रति हेक्टेयर उत्पादन (कुन्तल में) | 36.9 | 12.8 | 34.4 | 6.9 | 11.9 |

(i) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ गेहूँ का प्रति हेक्टेयर सर्वाधिक उत्पादन है। इसका कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ii) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ गेहूँ का न्यूनतम प्रति हेक्टेयर उत्पादन है। इसका कारण भी बताइए।

Study the table given below and answer the questions that follow –

Wheat Production per hectare in major states of India-

| State | Punjab | Madhya Pradesh | Haryana | Karnataka | Maharashtra |
|---|---|---|---|---|---|
| Production Per hectare (in Quintal) | 36.9 | 12.8 | 34.4 | 6.9 | 11.9 |

(i) Name the state where per hectare production of Wheat is highest. Explain the reasons for this also.

(ii) Name the state where per hectare Wheat production is minimum. Give the reasons for this also.

16. भारत में सड़कों के वर्गीकरण को समझाइये। 3

Describe the classification of roads in India.

17. भारत में वायु प्रदूषण के कारणों तथा प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 3

State the causes and effects of air pollution in India.

18. रोपण कृषि क्या है? इसके मुख्य क्षेत्र और विशेषताएँ बताइए। 5

What is plantation agriculture? Describe its main areas and characteristics.

19. पार-साइबेरियन रेलमार्ग तथा पार-कैनेडियन रेलमार्ग का वर्णन कीजिए। 5

Describe the Trans-Siberian Railway and Trans-Canadian Railway.



Download from www.cclchapter.com

20. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

Read the following passage carefully and answer the questions given below-

भरमौर जनजातीय क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले की दो तहसीलें, भरमौर और होली शामिल हैं। यह 21 नवम्बर, 1975 से अधिसूचित जनजातीय क्षेत्र है। भरमौर जनजातीय क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया 1970 के दशक में शुरू हुई, जब गद्दी लोगों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल किया गया और भरमौर को हिमाचल प्रदेश में पाँच में से एक समन्वित जनजातीय विकास परियोजना का दर्जा मिला। जनजातीय समन्वित विकास उपयोजना का सबसे महत्वपूर्ण योगदान विद्यालयों, जन-स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल, सड़कों, संचार और विद्युत के रूप में अवसंरचना विकास है। सामाजिक लाभों में साक्षरता दर में वृद्धि, लिंग अनुपात में सुधार और बाल विवाह में कमी है।

Bharmaur tribal area consists of two tehsils Bharmaur and Holi of Chamba district of Himachal Pradesh. It is a notified tribal area since 21 November 1975. The process of development in Bharmaur tribal area began in the 1970s, when the Gaddi people were included in the seheduled tribes and Bharmaur got the status as one of the five Integrated Tribal Development Project, in Himachal Pradesh. The most important contribution of Tribal Integrated Development Sub-plan is infrastructure development in the form of schools, health care facilities, potable water, roads, communications and electricity. The social benefits include increased literacy rate, improvement in sex ratio and decline in child marriage.

(क) भरमौर जनजातीय क्षेत्र कहाँ स्थित है? 1

Where is Bharmaur tribal area located?

(ख) समन्वित विकास परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान विशेषतः किन क्षेत्रों में रहा? 2

In which areas has the Integrated Development Project made an important contribution?

(ग) जनजातीय विकास कार्यक्रम से कौन सी जनजाति को लाभ पहुँचा तथा वे सामाजिक लाभ क्या-क्या हैं? 2

Which tribe benefited from the Tribal Development Program and what are those social benefits?



Download from www.cclchapter.com

21. (क) दिय गये विश्व के राजनैतिक रेखा मानचित्र में पाँच तथ्य (i), (ii), (iii), (iv) तथा (v) के रूप में दर्शाये गये हैं। नीचे दी गई सूचना के आधार पर इन तथ्यों को पहचानिये तथा मानचित्र में चिन्हित रेखा पर उनका सही नाम लिखिए - 1×5=5

(i) प्रशान्त महासागर एवं अटलांटिक महासागर को जोड़ने वाली व्यापारिक नहर

(ii) वाणिज्य पशुधन पालन का प्रमुख क्षेत्र

(iii) रुस का प्रमुख हवाई पत्तन

(iv) संयुक्त राज्य अमेरिका का विशाल नगर

(v) जापान का प्रमुख समुद्री पत्तन

(ख) निम्नांकित को भारत के दिए गये राजनैतिक रेखा मानचित्र में दर्शाइये तथा उस स्थान का नाम भी लिखिये - 1×5=5

(i) भारत का सर्वाधिक चावल उत्पादक राज्य

(ii) गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य

(iii) इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(iv) झारखण्ड राज्य का प्रमुख कोयला क्षेत्र

(v) उत्तराखण्ड का कोई एक प्रमुख पर्यटन नगर

(a) In the given political outline map of the world, five facts are shown by (i), (ii), (iii), (iv) and (v). Identify these facts with the help of information given below and write their correct names on the lines marked in the map –

(i) Trade Canal connecting the Pacific Ocean and the Atlantic Ocean

(ii) Major area of commercial livestock rearing

(iii) Major airport of Russia

(iv) Mega city of United States

(v) Major sea port of Japan

(b) Locate and label the following in the given political outline map of India and write their names also-

(i) India's largest rice producing state

(ii) Leading state in sugarcane production

(iii) Indira Gandhi International Airport

(iv) Major coal field of Jharkhand State

(v) Any one major tourist city of Uttarakhand



Download from www.cclchapter.com

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों हेतु प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है -

**Note : The following question is for the blind candidates only in lieu of question no. 21–**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×10=10

(i) प्रशान्त महासागर एवं अटलांटिक महासागर को जोड़ने वाली व्यापारिक नहर का नाम लिखिए।

(ii) विश्व में वाणिज्य पशुधन पालन का बृहद क्षेत्र किस देश में फैला है?

(iii) रुस के एक प्रमुख हवाई पत्तन का नाम लिखिए।

(iv) संयुक्त राज्य अमेरिका के एक विशाल नगर का नाम बताइए।

(v) जापान के प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिये।

(vi) भारत का सर्वाधिक चावल उत्पादक राज्य कौन है?

(vii) भारत में गन्ना उत्पादन का अग्रणी राज्य बताइये।

(viii) इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कहाँ स्थित है?

(ix) झारखण्ड राज्य के प्रमुख कोयला क्षेत्र का नाम लिखिए।

(x) उत्तराखण्ड के किसी एक प्रमुख पर्यटन नगर का नाम लिखिये।

Answer the following questions–

(i) Write the name of the trade canal connecting the Pacific Ocean and the Atlantic Ocean.

(ii) In which country is the large area of Commercial livestock rearing spread in the world?

(iii) Name the one major airport of Russia.

(iv) Name one mega city of United States of America.

(v) Write the name of the main sea port of Japan.

(vi) Which is the largest rice producing state of India?

(vii) Name the leading state of sugarcane production in India.

(viii) Where is Indira Gandhi International Airport located?

(ix) Write the name of the major coal field of Jharkhand State.

(x) Write the name of any one major tourist city of Uttarakhand.

*****



Download from www.cclchapter.com